14 जया, जगत और जुगनू

26IHAT

जया और जगत मैदान में खेल रहे थे। खेलते–खेलते अँधेरा हो गया। दोनों घर को चले।

हवा चल रही थी– साँय–साँय। तभी पीछे से आवाज आई– झीं–झीं–झीं। दोनों डर गए, पीछे देखा तो कुछ नहीं था। तभी सामने एक काली–सी चीज दिखाई दी। पास जाकर देखा तो एक झाड़ी थी। झाड़ी हवा से हिल रही थी।

वे तेज चलने लगे। तभी पीछे से आवाज आई –



खटर–पटर, धप–धप,

खटर–पटर, धप–धप।

दोनों दौड़ने लगे।

खटर–पटर की आवाज तेज हुई। देखा तो एक गाय तेजी से दौड़ती आ रही थी।

गाय आगे निकल गई।

वे दोनों हँसने लगे, "अरे! हम डरे क्यों?"

तभी जगमग करता एक जुगनू आया। अहा! उजाला जया और जगत बोले।

जया और जगत जगमग करते जुगनू के पीछे–पीछे चल दिए।

अभ्यास

1. जया और जगत क्यों डरे ?
2. तुम कब डरे ? किससे डरे ?
3. जुगनू ने जया और जगत की कैसे मदद की ?
4. **कहानी में ढूँढ़ो** – झीं–झीं, खटर–पटर, धप–धप।
5. **पढ़ो, समझो और पूरा करो** –

रज़िया खाती है।	रहमान खाता है।
मंजीत .... ।	डेविड .... ।
.... पढ़ती है।	.... पढ़ता है।
.... गाती है।	.... गाता है।

6. **इनकी आवाजें निकालो** –

मुर्गा गाय बकरी बिल्ली कुत्ता कौआ कबूतर

7. **एक जैसों को मिलाओ और नाम बताओ :**



8. **रोशनी किन–किन चीजों से होती है ?**

- घर में – ....
- घर के बाहर – ....